# OFFICE OF THE CO-ORDINATOR PTET EXAM- 2026
## Vardhman Mahaveer Open University, Kota

S. No. – VMOU/PTET/2026/ 740 Date: 19-9-2026

प्राचार्य
समस्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान
राजस्थान

विषय:- पी.टी.ई.टी.-2026 कांउसलिंग विशेष चरण (मौके पर प्रवेश)।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत पी.टी.ई.टी.-2026 कांउसलिंग विशेष चरण (मौके पर प्रवेश)। हेतु शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में लॉगिन से प्रवेश हेतु दिनांक 22.09.2026 से 28.09.2026 तक पोर्टल खोला जा रहा है।

**इस चरण में प्रवेश हेतु निम्नानुसार अभ्यर्थी पात्र होंगे:—**

I. प्रवेश लेने हेतु पीटीईटी—2026 परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी सर्वप्रथम शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान जिसमें प्रवेश लेना चाहता है, में आवश्यक दस्तावेज (यथा पीटीईटी—2026 आवेदन पत्र, प्रवेश पत्र, परीक्षा परिणाम, समस्त शैक्षणिक अर्हता के दस्तावेज, आधारकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूलनिवासी प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र जो लागू हो) की मूल प्रति मय एक छायाप्रति तथा 02 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ सम्पर्क करें।

II. शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में सीटें रिक्त होने की स्थिति में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कॉलेज लॉगिन पोर्टल पर लॉगिन करके पोर्टल पर अभ्यर्थी का रोल नम्बर डालकर अभ्यर्थी की सूचना सत्यापित की जायेगी एवं कन्फर्म एडमिशन पर क्लिक करेंगे जिसके उपरान्त अभ्यर्थी के पंजीकृत मोबाइल संख्या पर ओ.टी.पी. प्राप्त होगा। ओ.टी.पी. एन्टर करने के उपरान्त एडमिशन लॉक हो जायेगा।

III. तदुपरान्त अभ्यर्थी प्रिन्ट एलॉटमेन्ट लेटर लिंक से लॉगिन करके आवश्यक दस्तावेज अपलोड करेंगा एवं फीस का भुगतान करेगा तदुपरान्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कॉलेज लॉगिन पर अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता की जांच कर सत्यापित करते हुये आवश्यक दस्तावेजों को सत्यापित करते हुए एवं सही टीचिंग विषय का चयन करते हुये प्रवेश को सत्यापित किया जायेगा।

IV. शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान यह आवश्यक रूप से ध्यान दें कि इस चरण में समस्त प्रक्रिया संस्थानों की देखरेख में हो रही है। अत: अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता, समस्त आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन, सही टीचिंग विषय का चयन आदि सावधानी से करें। किसी भी तरह की विषमता पाये जाने पर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी एवं आवश्यक शास्ति वसूल की जाऐगी।

V. शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान रिक्त रही सीटों पर ही प्रवेश ले सकते हैं।

VI. ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें पूर्व में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान आवंटित हो गया था एवं उनके द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में सफलतापूर्वक रिर्पोटिंग करवा दी गयी थी परन्तु किसी भी कारण से प्रवेश निरस्त करवा लिया था उन अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

**शुल्क का विवरण:-**

I. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें पीटीईटी—2026 की परीक्षा दी है एवं अभी तक किसी भी चरण की कांउसलिंग में भाग नहीं लिया है। उन अभ्यर्थियों को कुल फीस रूपये 27000/— जमा करवानी होगी।

II. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें कांउसलिंग हेतु पूर्व में पंजीकरण करवाया है एवं पंजीकरण फीस रूपये 5000/— जमा करवाई है परन्तु उन्हें शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान आवंटित नहीं हुये है ऐसे अभ्यर्थी फीस रूपये 22200/— जमा करवाकर प्रवेश ले सकतें हैं।

III. ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान आवंटित हुये है परन्तु उनके द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में रिर्पोटिंग नहीं करवाई है (जिन्होंने प्रथम वर्ष का शुल्क रूपये 22000/— जमा करवाया है अथवा नहीं) वह अभ्यर्थी शेष शुल्क + रूपये 500/— जमा करवाकर प्रवेश ले सकतें हैं।

K Bamal
समन्वयक

पी.टी.ई.टी. परीक्षा-2026